एक नजर में

सांसद पाटील ने पीएम मोदी से की शिष्टाचार भेंट

बुरहानपुर। । आज खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने नई दिल्ली में यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया।सांसद ने खंडवा संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये कृषिए पर्यटन और उद्योगो के स्थापना हेतु विशेष पैकेज स्वीकृत करने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने आश्वस्त किया इन सभी मांगों पर सार्थक निर्णय लिया जाएगा।

किसानों के लिए होंगी बड़ी सौगात बढ़ेंगे रोजगार के अवसर:- सांसद श्री पाटील ने बताया कि संसदीय क्षेत्र, खंडवा/ बुरहानपुर/ खरगोन/ देवास कृषि आधारित अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यहां केला, अरबी, सोयाबिन, प्याज, मिर्च तथा कपास का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि प्रसंस्करण और भंडारण की उचित व्यवस्था न होने के कारण किसानों को अपनी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। इस समस्या को हल करने के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र में एक आधुनिक मिर्च प्रसंस्करण इकाई फूड प्रोसेसिंग यूनिट और मिर्च अनुसंधान केंद्र ;मिर्च रिसर्च सेंटर तथा एक टेक्सटाइल पार्क और कपास निगम केंद्र के साथ.साथ आधुनिक भंडारण स्टोरेज सेंटर स्थापित होता है तो किसानों के लिए बड़ी सौगात होंगी। यह परियोजनाएं आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और लोकल फॉर लोकल जैसे कार्यक्रमों के अनुरूप हैं और इनसे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी बल्कि पूरे क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

पर्यटन स्थलों का हो विकास:- सांसद पाटील ने खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग तीर्थस्थल और इंदिरा सागर बांध समूह में स्थित अन्य द्वीपों ;जैसे हनुवंतियाए नागरेटाए सेगोनिया टापूद्ध को विकसित करने के लिए विशेष पैकेज की मांग की। ओंकारेश्वर में बढ़ती तीर्थयात्रियों की संख्या को देखते हुए, उन्होंने सड़कों के निर्माण, घाटों के जीर्णोद्धार और नर्मदा नदी में नाव सेवाओं के उन्नयन की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावाए उन्होंने इन द्वीपों को द्वीप पर्यटन के रूप में विकसित कर केरल की तर्ज पर एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने का अनुरोध किया । जिससे इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सांसद ने प्रधानमंत्री से इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी देने और आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।

मंदिर की प्रगति से कराया अवगत दिया निमंत्रण:-इस दौरान सांसद श्री पाटील ने खंडवा में श्री दादाजी धुनिवाले जी के बन रहे भव्य मंदिर के प्रगति से प्रधानमंत्री जी को अवगत कराया एवं मंदिर के उदघाटन कार्यक्रम मे पधारने के लिए विशेष आमंत्रण भी दिया।

बिटिया रोड पर गड्ढों ने ली मासूम की जान, शव रखकर किया धरना, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बुरहानपुर। खस्ता हालत सड़कों ने एक मासूम की जिंदगी निगल ली। गोविंदपुरम क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए दर्दनाक हादसे में कक्षा 11वीं की छात्रा कीर्ति सूर्यवंशी की मौत हो गई। सड़क किनारे खड़ी कीर्ति को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया था। हादसे में उसके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे और गुरुवार सुबह उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार कीर्ति केंद्रीय विद्यालय की मेधावी छात्रा और परिवार की बड़ी बेटी थी। उसकी असमय मौत से पूरा परिवार सदमे में है। पिता गजानंद सूर्यवंशी ने कहा कि बदहाल सड़कों और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। उन्होंने प्रशासन से दोषी ट्रक चालक और मालिक पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

बिटिया का अंतिम संस्कार करने से पहले शोकाकुल परिवार ने अपनी बेटी का शव बिटिया रोड पर लाकर धरना प्रदर्शन किया। परिजनों ने कहा कि जब तक सड़क सुरक्षित नहीं होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगीए तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। धरने के बाद परिवार व भीम आर्मी प्रतिनिधियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

इस घटना पर भीम आर्मी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्तू मेढ़े ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बुरहानपुर जिले में सबसे ज्यादा खस्ता हालत अगर किसी सड़क की हैए तो वह है बिटिया रोडए जहां गड्ढों के कारण एक बाप की बिटिया ने अपनी जान गंवाई।

ज्ञापन के माध्यम से परिवार और संगठन ने निवेदन किया कि बुरहानपुर कलेक्टर,ज्ञानेश्वर पाटिल सांसद तथा विधायक अर्चना चिटनिस इस घटना से अवगत होकर तत्काल कदम उठाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कीर्ति सूर्यवंशी को न्याय तभी मिलेगा जब दोषियों और भ्रष्टाचारियों पर कठोर कार्रवाई होगी तथा सड़क को सुरक्षित बनाकर भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगेगी।

पोला पिठोरा के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित

बुरहानपुर। जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किये गये हैं। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने 27 अगस्त 2025 दिन बुधवार का स्थानीय अवकाश निरस्त करते हुए,उसके स्थान पर 22 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को पोला पिठोरा के अवसर पर संपूर्ण जिला बुरहानपुर के लिये स्थानीय अवकाश घोषित किया है। पूर्व में जारी आदेशानुसार जिले में 1 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार को दुर्गानवमी ;महानवमी पर भी स्थानीय अवकाश रहेगा।

माटी गणेश .सिद्व गणेश के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण

बुरहानपुर। मण्प्रण् जन अभियान परिषद् जिला बुरहानपुर अंतर्गत विकासखण्ड बुरहानपुर में समृद्वि योजना के तहत् माटी गणेश.सिद्ध गणेश एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन टेकमाईण्ड्स कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट, शंकर श्री काम्प्लेक्स, बुरहानपुर में किया गया। जिसमें परिषद् से जुडे स्वयंसेवी संस्थाऐंए नंवाकुर सखीए प्रस्फुटन समितियांए नंवाकुर

समितियोंए परामर्शदाताओं एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र.छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम संचालन परामर्शदाता मोहन पवार द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं जल प्रदूषण को दूर करना है तथा पीओपी से निर्मित मूर्ति से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में वंसत मोडे, गायत्री परिवार, पंकज महाजन पंतजलि योग पीठ, सुरेस चौधरी आचार्य गुरूकुल खडकोद, दिपक बोरसे टेकमाईनड संस्था संचालक, प्रभारी जिला समन्वयक मनीष कुवादे उपस्थित रहे तथा प्रशिक्षण में आभार प्रदर्शन विकासखण्ड समन्वयक खकनार अमजद खान द्वारा किया गया।

सफाई मित्र सम्मान समारोह एवं क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन

विधायक और महापौर ने सफाई कर्मचारी के पैर धोकर किया सम्मान

कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। सफाई मित्र सम्मान समारोह एवं क्षमतावर्धन कार्यशाला ष् का आयोजन दिनांक आज गुरुवार को दोपहर 12रू00 बजे संजय नगर स्थित श्री रेवा गुर्जर भवन में निगम द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदीए जिला कलेक्टर हर्ष सिंहएअखिल भारतीय राष्ट्रीय महापौर परिषद अध्यक्ष एवं नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल नगर निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव पूर्व महापौर श्री अतुल पटेलए निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने एम आई सी चैयरमैन धनराज महाजन ने सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

स्वस्थ रहने के लिए सभी प्रकार की साफसफाई आवश्यक है अपने आसपास की सफाईए वातावरण की सफाईए अपने घर के पालतू जानवरोंए स्कूल कॉलेजए अस्पतालए कॉलोनी के आसपास की साफसफाई के लिए हमें कोई समझौता नहीं करना चाहिये। निकाय स्तरीय सफाई कर्मचारियों के सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने व्यक्त किये विधायक श्रीमती अर्चना

चिटनिस ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने साफसफाई के संबंध में अवगत कराने के लिए क्लीन इंडिया स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया है। आम जनता इसका हिस्सा बने। कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वच्छता मित्रों के चरण धोकर पूरे राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश दिया था। उसी प्रकार नगर निगम बुरहानपुर के सफाई मित्र भाई बहनों को मंच पर विराजमान कर सम्मानित किया गया। अगर हम स्वच्छ नहीं रहेंगे तो स्वस्थ नहीं रहेंगे। इसलिए हम जहां रहते हैंए वहां की सफाई करनी चाहिए। साथ ही कोई गंदगी फैला रहा है तो हमें रोकना चाहिये। इससे स्वच्छता के साथ.साथ बीमारियों पर भी नियंत्रण होगा। आज हम सब सफाई मित्र सम्मान समारोह को कार्यक्रम में यह संकल्प लेकर जाएं कि आगामी 2025 में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम बुरहानपुर प्रथम स्थान प्राप्त करें।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने 14 करोड़ की लागत से बुधवारा वार्ड बाकी रोड़ का कार्य किया जाएगा। नगर निगम के सभी सफाई कर्मचारियों को नगर निगम की ओर से स्टील की केटली दी गई जिसमें वह रोज सुबह घर से जाकर दूध डेरी से दूध ले और प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग न करें। पूरे नगरी निकाय क्षेत्र बुरहानपुर को चार हिस्सों में बताकर हर वार्ड में प्रभारी अधिकारी बनाकर कॉम्पिटेशन किया जाएगा जिसमें जो अच्छा कार्य करेगा उसे सम्मानित भी किया जाएगा। आगे चलकर बुरहानपुर नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा स्कूल विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सूचित कर हर घर घर जाकर प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जाएगा और लोगों को समझाइश दी जाएगी प्लास्टिक का उपयोग ना करे।

महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए बताया आज का यह अवसर मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान व है। उन यकों के प्रतिए जो बिना

किसी अपेक्षा केए नि:स्वार्थ भाव से हमारे नगर को स्वच्छ स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने में दिन.रात जुटे रहते हैं। हमारे सफाई मित्र सिर्फ नगर की सफाई नहीं करते, वे स्वास्थ्य के रक्षक,समाज के सजग प्रहरी और सभ्यता के असली स्तंभ हैं। जब हम सुबह अपने घरों से निकलते हैं, तो सबसे पहले जिस स्वच्छ रास्ते पर पाँव रखते हैंए उस पर इन मित्रों की मेहनत की चमक होती है। जब हमारे प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छ भारत अभियान का सपना देखा, तब उसे जमीन पर उतारने का कार्य आप सभी ने किया। इसके साथ ही आज की क्षमता वर्धन कार्यशाला भी एक महत्वपूर्ण पहल है। यह इस बात का प्रमाण है कि हम न केवल आपके परिश्रम को पहचानते हैं। हमारा शहर तभी स्वच्छ और विकसित बन सकता है जब हम सभी मिलकर, एक परिवार की तरह, एक.दूसरे का साथ दें और सम्मान करें। आप सभी को पुन: इस सम्मान समारोह के लिए बहुत. बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। सफाई मित्र सम्मान के आयोजन में सभी जनप्रतिधियों ने भी संबोधित किया। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ बुरहानपुर द्वारा भी निगम आयुक्त निगम महापौर का शाल श्रीफ्ल भेंट कर भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस,जिला कलेक्टर हर्ष सिंह, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव,पूर्व महापौर अतुल पटेल,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव,अपर कलेक्टर सपना जैन,डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार,भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने,शाहपुर परिषद के अध्यक्षपति से वीरेंद्र तिवारी, एम आई सी सदस्य धनराज महाजन,संभाजी सागर,पार्षद आशीष शुक्ला,भारत भुजडे,गौरव शुक्ला ,राजेश महाजन, अशोक महाजन,सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ,सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार,कालू जंगाल,गणेश पाटिल ,अधि./ कर्म,सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

शेर भैया की कोशिशें सफल, मजदूरों के हाथ आया रुका हुआ हक़

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ताप्ती मिल के मजदूरों और कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। पिछले नवंबर एवं दिसंबर 2024 माह का लंबित पड़ा वेतन आखिरकार जारी कर दिया गया है। वेतन जारी होते ही मजदूरों और कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

ज्ञात हो कि ताप्ती मिल लंबे समय से बंद पड़ी है और मजदूरों को अपने मेहनताने का इंतज़ार था। ऐसे कठिन समय में बुरहानपुर के पूर्व विधायक ठाकुर सुरेन्द्रसिह , शेरा भैया ने

मजदूरों की आवाज़ को मजबूती से उठाया। उन्होंने लगातार दिल्ली स्तर पर संपर्क बनाए रखा और अथक प्रयास जारी रखे। परिणामस्वरूप उनके आग्रह पर एचटीसी द्वारा ताप्ती मिल कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन जारी किया गया।

इस निर्णय से न केवल मजदूरों और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिली है,बल्कि लंबे समय बाद उनके चेहरों पर मुस्कान भी लौटी है। सभी मजदूर भाइयों ने हर्षोल्लास के साथ शेर भैया का आभार व्यक्त किया और उन्हें अपना सच्चा हितैषी बताया।

शेर भैया की लगातार कोशिशों से आया यह निर्णय मजदूर वर्ग के संघर्ष और उनके हक़ की जीत के रूप में देखा जा रहा है। यह केवल एक शुरुआत है। आगे भी मजदूरों के अधिकारों और न्याय की लड़ाई पूरी ताक़त के साथ जारी रहेगी। शेर भैया ने आश्वस्त किया है कि मजदूर वर्ग का हर संघर्ष उनके साथ मिलकर लड़ा जाएगा।

एक हफ्ते के भीतर सड़कों को दुरुस्त करा जाए : टांक

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। रिंकु टांक अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर ने बताया कि दो दिवस पूर्व एक दुखद घटना बहादुरपुर रोड सरकारी अस्पताल के समीप हुई थी जिसमें खराब खस्ताहाल सड़कों की वजह से एक बालिका की ट्रक से दुर्घटना हो गई थी। यह जानकारी बेहद ही हताशापूर्ण है कि उस पीड़ित बालिका की मृत्यु हो गई। इस बालिका का सिर्फइतना कसूर था कि वह हमारे बुरहानपुर की

जानलेवा सड़कों पर सफर कर रही थी। मैं इस मृत्यु के लिए सड़क बनाने एवं उसका रखरखाव करने वाली एजेंसी को दोषी मानता हूंए एवं रखरखाव करने वाले विभाग के संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उचित धाराओं में मामला पंजीबद्ध करने की मांग करता हूं एवं स्पष्ट रूप से यह कह देना चाहता हूं कि आने वाले एक हफ्ते में अगर शहर की तमाम सड़कों को दुरुस्त नहीं कराया गया तो प्रशासन उग्र आंदोलन के लिए तैयार रहे।

एसडीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

नवभारत न्यूज, नेपानगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेपानगर का गुरूवार दोपहर अचानक एसडीएम भागीरथ वाखला ने निरीक्षण किया। इस दौरान कई लापरवाही सामने आई। अस्पताल के बाहर और अंदर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े नजर आए। एसडीएम ने इसे लेकर नाराजी जताई और कहा कि पिछली बार किए गए निरीक्षण में भी ताकीद की थी कि यहां वाहन खड़े न किए जाएंए लेकिन फिर भी यहां वाहन खड़े किए गए। अब कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने अस्पताल के अंदर निरीक्षण में पाया कि जगह जगह गंदगी पसरी है। साथ ही रोगी कल्याण समिति और दवाई वितरण का रिकार्ड भी

अपडेट नहीं मिला। कर्मचारियों से हिसाब मांगा गयाए लेकिन वह एक दूसरे का हिला हवाला करने लगे। चार कर्मचारी भी अनुपस्थित थे जिनमें एएनएम स्नेहलता बड़ोदिया,फार्मेसी सहायक राजेश शंखपाल,ऑपरेटर अमित कड़ोले और सपोर्टिंग स्टाफ प्रहलाद अनुपस्थित थे।

कलेक्टर को सौंपेंगे प्रतिवेदन :- एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण में काफी लापरवाही सामने आई। अब हर दो तीन दिन में अस्पताल का विजिट कर व्यवस्था में सुधार कराया जाएगा। इसकी रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भेजी जाएगी। कर्मचारियों को रिकार्ड अपडेट करने को भी कहा गया है।

वेतन भत्ता पेंशन एवं 20 सूत्री मांगों को लेकर भोपाल में आगामी रणनीति पर चर्चा

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। 20 अगस्त शिवपुरी के करेरा रामराज गार्डन तहसील में सरपंच सम्मेलन शामिल हुई प्रीति सिंह राठौड़ प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा उनके हितों की रक्षा उनके कार्यों में जो परेशानी आ रही है उनका वेतन भत्ता पेंशन एवं 20 सूत्री मांगों को लेकर भोपाल में आगामी रणनीति के लिए चर्चा की गई मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंचायत परिषद अशोक जादौन जी राष्ट्रीय महासचिव श्री शीतल शरण मिश्रा जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र यादव जी प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह जी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति सिंह

राठौड़ प्रदेश महासचिव बद्रीनाथ बैरागी प्रदेश सचिव महेंद्र बुंदेला नरेंद्र सिहचौहान प्रदेश प्रवक्ता जी बहादुर सिंह यादव जी करेरा जनपद अध्यक्ष देवेंद्र पाल जी शिवपुरी जनपद अध्यक्ष पुष्पेंद्र जाटव शैलेंद्र रावत जी जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जी रावत पूरनलाल साहू शिवपुरी क्षेत्र के एवं अन्य क्षेत्रों के सरपंच जनपद सदस्य उपस्थित रहे हैं सपने अपने.अपनी परेशानियां मध्य प्रदेश पंचायत परिषद के सामने रखी आगामी कार्यक्रम ओंकारेश्वर में निमाड़ बेल्ट में रखा जाएगा ।

भाजपा नेता एवं समाजसेवी महेंद्रसिंह गहलोद का निधन,दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। समाजसेवी ,महेंद्रसिंह गहलोद उर्फ मन्या भाई एवं समरेंद्र सिंह गहलोद के पिताजी का आकस्मिक निधन 20 अगस्त 2025 को हो गया था । उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 21 अगस्त 25 को शाम 5 बजे उनके निजी निवास किशोर टाकीज के पीछे,माता मंदिर के पास राजपुरा, डाकवाडी

बुरहानपुर से निकाली जाकर सतियारा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पिछे भरा पुरा परिवार छोड गए। शोकाकुल नरेन्द्रसिंह गहलोद , संजयसिंह गहलोद , समरेंद्रसिंह गहलोद एवं परिवार को ई श्वर यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। और मृत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। ऊँ शांती शांती शांती।

डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण,22 करोड़ से हो रहो स्टेशन का कायाकल्प

नवभारत न्यूज, नेपानगर। 22 करोड़ की लागत से नेपानगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। इसका निरीक्षण करने के लिए गुरूवार को नवागत डीआरएम पुनित अग्रवाल पहुंचे। उन्होंने अफसरए कर्मचारियों से यहां चल रहे कामों की जानकारी ली। भुसावल मंडल रेलवे डीआरएम ईति पांडे के स्थान पर हाल ही में पदस्थ हुए हैं। यह उनका नेपानगर स्टेशन पर पहले विजिट था। दोपहर करीब 12 बजे वह नेपानगर रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने स्टेशन अधीक्षक से कामों की जानकारी ली। साथ ही अन्य विंग से भी जानकारी हासिल की। साथ ही कहा कि अगले माह फुट ओवरब्रिज का काम भी पूरा कराया जाएगा। इस दौरान उनके साथ भुसावल मंडल के अफसरए कर्मचारी भी थे।

22 करोड़ की लागत से हो रहा स्टेशन का कायाकल्प :- गौरतलब है कि नेपानगर रेलवे

स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन स्कीम में शामिल किया गया है। यहां 22 करोड़ से स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। डीआरएम ने इन कामों का निरीक्षण किया। यह काम करीब दो साल से भी अधिक समय से चल रहा हैए लेकिन अब तक पूरा नहीं हो पाया है, लेकिन डीआरएम ने कहा कि काफी काम पूरा हो चुका है। जल्द अन्य बचा काम भी पूरा कराया जाएगा।डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं की व्यवस्था परखी। स्टेशन के बाहर चल रहे कामों को भी देखा। यहां फुट ओवरब्रिज का काम भी प्रस्तावित है। इसके लिए एंगल काफी समय पहले लगा दिए गए हैंए लेकिन अब ब्लाक लेकर बीच में गर्डर डालने का काम बचा है। डीआरएम ने कहा काफी काम पूरा हो चुका है ।

बैठक

शाहपुर नगर परिषद शाहपुर द्वारा नगर के समग्र विकास एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण फैसले

शाहपुर की जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना एवं स्वच्छ,सुंदर और विकसित बनाएंगे : अध्यक्ष

नवभारत न्यूज, शाहपुर। नगर परिषद शाहपुर में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर परिषद बैठक सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्षश्रीमती साधना वीरेन्द्र तिवारीने की तथा बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, पार्षदगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में सौंदर्यीकरण कार्यों एवं विकास की रूपरेखा तैयार किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनानेए स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने तथा शहर को आकर्षक स्वरूप देने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती साधना तिवारी ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना एवं शाहपुर को स्वच्छ,सुंदर और विकसित नगर के रूप में स्थापित करना है। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिलीप चौहान ने बताया कि दृश्बैठक में पार्षदगण द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र कार्ययोजना लागू की जाएगी।बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों के सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए25 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के मुख्य विषय इस प्रकार रहे । मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधो संरचना विकास योजना के अंतर्गत वार्ड क्रं.14 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु प्राप्त दरों की स्वीकृति बाबत। वार्ड क्रं.11 में नाचनखेड़ा फाटा से वेयर हाउस तक पेवर ब्लॉक लगाये जाने हेतु प्राप्त दरों की स्वीकृति बावत, स्वच्छ भारत मिषन ;षहरी 2.0 अंतर्गत मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी सेंटर निर्माण हेतु प्राप्त दरों की स्वीकृति बावत, वार्ड क्रं. 01 मानुसगांव में स्टेडियम निर्माण हेतु प्राप्त दरो का अनुमोदन एवं स्थित ईदगाह में वाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य किये जाने की स्वीकृति बावत, नाचनखेड़ा फाटा चैराहा बनाकर सौन्दर्यीकरण कार्य किये जाने की स्वीकृति बावत , नाचन खेड़ा फाटा से केला चिप्स फेक्ट्री तक रोड के दोनों ओर लाईट एवं पेवर ब्लॉक लगाये जाने की स्वीकृति बावत। वार्ड क्रं. 02 श्मशान घाट में वाउण्ड्री वॉल एवं टीन षेड, विभिन्न गलियों में रोड एवं नाली निर्माण की स्वीकृति बावत।

वार्ड क्रं. 03 में शामराव गणपत की दुकान चैराहे से प्रजापति मोहल्ले तक सी सी रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति बावत, वार्ड क्रं . 05 लक्ष्मी माता मंदीर परिसर में टीन शेड निर्माण किये जाने हेतु डीपीआर बनाये जाने की स्वीकृति बावत, बंभाडा फाटे से खामनी फाटे तक रोड दोनों ओर सीमेंट कांक्रीट साईड पटरी निर्माण किये जाने की स्वीकृति बावत, वार्ड क्रं . 07 में शौचालय एवं स्लाटर हाउस तोड़कर शापिंग काम्प्लेक्स निर्माण कार्य की स्वीकृति बावत, वार्ड क्रं. 09 में महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा के पास सौन्दर्यीरण कार्य की स्वीकृति बावत, वार्ड क्रं. 09 में राम मंदीर में सौन्दर्यीकरण एवं रसोई निर्माण कार्य की स्वीकृति बावत, वार्ड क्रं.10 में कार्यालय के पीछे सभामंडप निर्माण किये जाने की स्वीकृति बावत। वार्ड क्रंमांक 11 में शिवाजी प्रतिमा पर सौन्दर्यीकरण कार्य किये जाने की स्वीकृति बावत। वार्ड क्रं.01 में बस स्टेंड स्थित प्याऊ की टंकी हटाकर सभामंडप निर्माण एवं स्वामी समर्थ मंदिर में निर्माण कार्य किये जाने की स्वीकृति बावत, वार्ड क्रं.11 स्वामी समर्थ नगर में मेन रोड से सीमा द्वार निर्माण किये जाने की स्वीकृति बावत, जय स्तंभ चैराहा सौन्दर्यीकरण कार्य एवं डीपीआर बनाये जाने की स्वीकृति बावत, क्षत्रपति शिवाजी महाराज की स्थापित प्रतिमा के समीप सौन्दर्यी करण कार्य एवं डीपीआर बनाये जाने की स्वीकृति बावत, ।